# 'लोकतन्त्र में विकास के लाभ लक्षित वर्गो तक पहुंचाने में जन प्रतिनिधि महत्वपूर्ण'

## नगर पंचायत अर्की के 03 मनोनीत पार्षदों को दिलाई गई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष**

**मुख्य संसदीय** सचिव स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण, लोक निर्माण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क संजय अवस्थी ने कहा कि लोकतन्त्र में विकास के लाभ लक्षित वर्गों तक पंहुचाने में जन प्रतिनिधि महत्वपूर्ण माध्यम हैं। संजय अवस्थी आज सोजल जिला के अर्की में नगर पंचायत अर्की के 03 मनोनीत पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के उपरान्त उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति में आज अर्की में आयोजित एक



सादे समारोह में नगर पंचायत अर्की के मनोनीत पार्षद के रूप में कुलदीप सूदए विनय वशिष्ठ तथा प्रदीप शर्मा को शपथ दिलाई गई। अर्की के उपमण्डलाधिकारी यादविन्द्र पाल ने मनोनीत पार्षदों को और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य संसदीय सचिव ने पार्षदों के मनोनयन के लिए मुख्यमन्त्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मनोनीत पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि सभी पार्षद जन अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगें। उन्होंने कहा कि अर्की को प्रदेश का आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस दिशा में नगर पंचायत अर्की के पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। संजय अवस्थी ने कहा कि वर्तमान सरकार अर्की के विकास को नई दिशा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन, शिक्षा, लोक निर्माण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधोसरंचनात्मक बदलाव किए जा रहे हैं। इनसे समूचा क्षेत्र लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि अर्की के प्राचीन धार्मिक स्थल बाड़ीधार को विकसित करने से क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि अर्की के विकास को गति प्रदान करने के सभी प्रयासों को प्रदेश सरकार का सम्बल प्राप्त होगा। संजय अवस्थी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण अस्त-व्यस्त प्रदेश को पुनः विकास के मार्ग पर अग्रसर करने में सभी को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करना होगा। इस अवसर पर खंड कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप, नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष हेमेंद्र गुप्ता, सहित आदि उपस्थित रहे।

# होटल प्रबंधन संस्थान में रैगिंग रोधी समिति की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**होटल प्रबंधन** संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में रैगिंग रोधी समिति की बैठक बीते दिन आयोजित की गई। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समिति के सदस्यों ने संस्थान के परिसर में रैगिंग को रोकने के लिए किए गए सभी आवश्यक प्रबंधों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में तहसीलदार सुभाष ठाकुर, पंकज भारतीय और समिति के अन्य सदस्यों के अलावा विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर पुनीत बंटा ने समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे संस्थान के परिसर और इसके आस-पास के क्षेत्र की नियमित रूप से निगरानी रखें और रैगिंग से संबंधित किसी भी तरह की घटना का पता चलने पर तुरंत सूचित करें। रैगिंग रोकने के लिए



किए गए आवश्यक प्रबंधों की जानकारी देते हुए पुनीत बंटा ने बताया कि विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरुक करने के लिए 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया। इस दिन विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों और रैगिंग रोकने के लिए बनाए गए कानून की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त 12 से 18 अगस्त के तक एंटी रैगिंग सप्ताह भी मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान रैगिंग के दुष्प्रभावों पर आधारित नारा लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और लघु नाटक प्रतियोगिता करवाई गई तथा लघु वृतचित्र के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। पुनीत बंटा ने बताया कि आईएचएम में आज तक रैगिंग का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने रैगिंग रोधी प्रबंधों पर चर्चा और महत्वपूर्ण सुझावों के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद भी किया।

## न्यूज फ्लैश

### नाहन सडकों की खास्ता हाल, पहली बरसात में ही उखड़ी टारिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ/एसपी जैरथ। बरसात** के बाद नाहन शहर की सडकें खस्ताहाल हो चली है। जगह-जगह गहरे गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बने हैं तो इंटरलॉक टाइल लगाने के



बाद शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव की समस्या भी सामने आई है। नगर परिषद को बरसात के चलते करोड़ों रुपए का नुकसान आंका गया है। हालात सामान्य करने के लिए नगर परिषद नाहन में बजट की कमी आड़े आ रही है। मीडिया को जानकारी देते हुए नगर परिषद नाहन के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने बताया कि इस बरसात नगर परिषद को 3.71 करोड रुपए का नुकसान हुआ है। जहां शहर के मुख्य मार्ग डैमेज हुए हैं तो वहीं मार्गो किनारे लगे डंगे, बरसाती नालो समेत शहर के संपर्क मार्ग ध्वस्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि बरसात से हुए नुकसान को लेकर डैमेज रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसे डीसी सिरमौर समेत डायरेक्टर को भेजा जा रहा है बजट की उपलब्धता होने के साथ ही मरम्मत के कार्यों को रफ्तार दी जाएगी।

### पर्यावरण विषय पर रोशनी व प्राची ने पहला स्थान हासिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला कन्या में शुक्रवार को खंड स्तरीय टेंलेट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 5 स्कूलों ने भाग लिया। इसमें गणित,



विज्ञान, हिंदी तथा पर्यावरण विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। गणित में कन्या स्कूल की भूमिका व कनिष्का ने प्रथम, मझवाड़ स्कूल की श्रद्धा व शिवम ने दूसरा तथा नस्लोह स्कूल की सोर्या व सोनाक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह हिंदी में कन्या स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया, तो साईंस में मझवाड़ स्कूल की दिव्या ने पहले स्थान पर रही हैं। कन्या स्कूल की अध्यापिका व इवेंट इंचार्ज भूवनेश्वरी बरवाल ने बताया डाईट के सोजन्य से टेंलेट सर्च प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई हैं जिसमें सभी स्कूल भाग ले रहे। यहां से चयन प्रतिभागी जिला स्तरीय टेंलेट सर्च प्रतियोगिता में भाग लेगें।

### बिलासपुर में लुहणु क्रिकेट मैदान की आवोहवा की कायल हुई इंटरनेशनल क्रिकेटर सुषमा वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। अमूमन** खेलों की दुनिया में सीखने की आयु दस वर्ष शुरू हो जाती है और पंद्रह वर्ष की आयु तक के बच्चे निर्णय कर लेते हैं कि उनका भविष्य किस खेल में है। किंतु कुछ सितारे ऐसे होते हैं जो भले ही देर से किसी खेल में हाथ डालते है और उस खेल के सूरज बनकर निखरते हैं। यहां बात हो रही है अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर सुषमा



वर्मा की जिसने 17 साल की आयु में क्रिकेट की बॉल देखी और अपना करियर इस खेल में शुरू किया। सुषमा वर्मा इन दिनों बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट मैदान में चल रही सीनियर वूमन क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रेक्टिस मैच में हिमाचल प्रदेश का बतौर कप्तान प्रतिनिधित्व कर रही है। गोविंद सागर झील के किनारे बने लुहणू क्रिकेट मैदान की खूबसूरती की कायल सुषमा वर्मा ने बिलासपुर में क्रिकेट की आबोहवा की तारीफ की है। वहीं शिमला के एक छोटे से गांव से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का सफ र सुषमा के लिए किसी सपने जैसा है लेकिन इस सपने को साकार करने के लिए सुषमा ने जी तोड़ मेहनत की है।

# माता रूपासना के दरबार में नरोतम ठाकुर ने शीश नवाजा

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**हर वर्ष** की भाँति इस वर्ष भी धारगण में माता रूपासना की चाकरी के दौरान भाजपा नेता नरोतम ठाकुर ने माता रूपासना के आगे शीश नवाजा। इस मेले में हजारों की संख्या में माता रूपासना के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से आते है और सबकी मनोकामना माता द्वारा इस दरबार में पूर्ण होती है। प्राचीन काल से चली इस परम्परा में माता की चाकरी में श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन माता रूपासना द्वारा किया जाता है जिसका संचालन प्रमुखता से पांच गांव के हरियान करते है। पांच



गांव में टील, टारवाई, शांगचन, हुरन, धारला श्रानिबिड़ इस चाकरी में जो आते है उन्हें माता की ओर से घी सिडू और दाल प्रसाद के रूप में लेते है। माता की इस चाकरी में हरियान लगभग पांच दिनों तक माता के दरबार में सेवा देते है।

# समग्र व्यक्तित्व निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका: डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/ सेलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य एव परिवार** कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मन्त्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि समग्र व्यक्तित्व निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. शांडिल गत दिवस को एतिहासिक ठोडो मैदान में सोलन हॉकी क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर उपस्थित खिलाडि?ों एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की 14 टीमों के लगभग 200 महिला व पुरूष खिलाड़ी भाग ले



रहे हैं। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि खेल युवाओं को परिपक्व बनाकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफ लता के लिए अनुशासन, समर्पण और एक निष्ठ प्रयास आवश्यक हैं तथा खेल हमें इन सभी गुणों को आत्मसात करने में निपुण बनाते हैं। स्वास्थ्य मन्त्री ने कहा कि भारत को पूरे विश्व में हॉकी के बेहतरीन खिलाडि?ों के लिए जाना जाता है। गत ऑलम्पिक खेलों में हॉकी में कांस्य पदक जीतकर भारत पुनः हॉकी में अपना लोहा मनवाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारतीय हॉकी अपना खोया वैभव प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्राम स्तर तक खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्यरत है। बेहतर सुविधा युक्त खेल मैदान निर्मित करने के लिए योजनाबद्ध कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोलन में हॉकी खिलाडि?ों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए एस्ट्रोटर्फ मैदान विकसित करने की सम्भावनाएं तलाशी जाएंगी। उन्होंने कहा कि सोलन में बेहतर सुविधा युक्त स्टेडियम भी निर्मित किया जाएगा। उन्होंने आशा जताई कि यह

# हेमसिंह ठाकुर बार एसोसिएशन सराज के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**बार एसोसिएशन** सराज स्थित थुनाग के चुनाव शुक्रवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इसमें हेमसिंह ठाकुर सर्वसम्मति से बार एसोसिएशन सराज का अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में दिव्यांशु उपाध्यक्ष, हुकम सिंह सचिव, सहसचिव महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह, लाइब्रेरियन मोनिका, सदस्य नरेश ठाकुर, ललित कुमार, नारायण सिंह और यादवेन्द्र ठाकुर चुने गये। हेमसिंह ठाकुर इससे पहले बार एसोसिएशन चच्योट के सचिव और मंडी बार एसोसिएशन के लाइब्रेरियन



भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि बार के सभी सदस्यों के हितों की रक्षा की जाएगी। बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि थुनाग कोर्ट मंडी जिले का सबसे दूर स्थित है यहां पर सर्किट कोर्ट स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा इस संबंध में हाईकोर्ट और सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। यह जानकारी चुनाव अधिकारी नरेश ठाकुर और ललित कुमार ने दी।

# गुरपलाह में कार की टक्कर से बच्ची घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी।**

**पुलिस थाना** हरोली के तहत गुरपलाह में कार की टक्कर से बच्ची घायल हुई है। घायल को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक राजू महतो निवासी बिहार, हाल रिहायश बाथड़ी वीरवार शाम को अपना काम खत्म करने के बाद अपनी साली की बेटी रमिता के साथ अपनी झोंपड़ी के लिए पैदल जा रहा था।

# दो दोस्तों ने खाली सीरींज से बना दी जेसीबी



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौंटा में साईंस फेयर का आयोजन योजन किया गया। जिसमें स्कूल के द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अनुसंधान के तहत माडल बनाने के लिए कहा जिसमें लगभग 50 साइंस विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने अपने मॉडलो की प्रदर्शनी सजाई गई। इस प्रदर्शनी में जमा एक साईंस छात्र शिवांश और आयरन ने जेसीबी का मॉडल साईंस अध्यापक मुकेश शर्मा की देख रेख में तैयार किया। उन्होंने जेसीबी को चला कर भी दिखाया और जेसीबी क्या क्या कार्य कर सकती है उसको माडल के माध्यम से दिखाया। यह मॉडल पिछले दिनों से सोशल मिडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है। क्षेत्र में इन दोनो बच्चों की लोग प्रशंशा कर रहे हैं। शिवांश और आयरन द्वारा बनाए गए जेसीबी मॉडल की स्कूल की प्रधानाचार्य सरीता शर्मा ने बच्चों की पीठ थपथपाई और उनके उज्ज्वला भविष्य की कामना करते हुए दूसरे बच्चों द्वारा बनाए माडलो की भी सराहना की और सभी का मनोबल बढाया। दोनो छात्र मध्यमवर्गीय परिवार से सबन्ध रखते है।भौतिक विज्ञान के अध्यापक मुकेश शर्मा ने कहा कि दोनो छात्र पढाई लिखाई व खेलकुद अन्य गतिविधियों में भाग लेते रहते है। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस माडल बनाने के लिए प्रेरित किया जिसमें बच्चों ने खुद ही यह माडल तैयार कर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के माडल तैयार किए जाएंगे जिससे स्कूल प्रदेश का नाम रोशन हो सके।

# खाई में गिरी बोलोरो, मासूम बच्चों सहित दो महिलाओं की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**चंबा में जन्माष्टमी** के दिन एक दर्दनाक सडक हादसा पेश आया है जिसमें एक बच्चे समय सहित दो महिलाओं की मौत होने का समाचार है। हादसा गुरुवार बाद दोपहर हुआ। सिद्धकुंड मार्ग पर झूलड़ा पंचायत के माणीं गांव के समीप यह हादसा पेश आया हादसा इतना खतरनाक था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंच गया पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया। जानकारी के अनुसार इस गाड़ी में राजपुरा गांव की रहने वाली पांच महिलाओं सहित एक



बच्चा तथा चालक सवार था हादसे में दो महिलाओं तथा एक बच्चे की मौत हो गई। वही चार लोगों को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज चंबा लाया गया है। जानकारी के अनुसार यह सब लोग बोलेरो में सवार होकर दुआट महादेव के दर्शन करने गए थे तथा दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे तो माणीं गांव के समीप टरीरू मोड पर यह गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। गाड़ी का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल है। मृत्क महिलाओं की उम्र 40 से 50 वर्ष के बीच बताई जा रही है वही मरने वाले बच्चों की उम्र दो से तीन वर्ष बताइए है। जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्य बच्चे का मुंडन करवा कर वापस लौट रहे थे लेकिन इस बीच गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचे तथा वहां घायलों का हाल-चाल पूछा था उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार चंबा संदीप कुमार चंबा मेडिकल कॉलेज पहुंचे तथा फोरी राहत संबंधी कार्यों का जायजा लिया।

# 'एक लाख साठ हजार तक किसान क्रेडिट कार्ड बिना जमीन मौड्गेज पर ऋण की सुविधा'

## हरनोड़ा में वित्तीय जागरूकता शिविर में लोगों ने हासिल की विभिन्न ऋ ा योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**नाबार्ड के सौजन्य** से हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा हरनोडा द्वारा वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत हरनोडा के नेहर गांव में किया गया। शिविर में बैंक की ओर से अधिकारी राज कुमार ने लोगों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न ऋ ण योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, मुद्रा लोन योजना, नारी सशक्तिकरण योजना, ऋ ण



योजनाओं की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित लोगों व महिलाओं को बजट बनाकर बचत करने तथा बैंक में बचत खाता खोलने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा इनका लाभ अर्जित करने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को एटीएम गूगल पे, भीम ऐप, फ ोन पे, हिम पैसा आदि भिन्न-भिन्न डिजिटल माध्यमों से लेन देन करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनधन खाताधारकों का बीमा बिना प्रीमियम दिए भी होता है। इसके अलावा 20 रुपए के प्रीमियम पर दो लाख का दुर्घटना व 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर प्राकृतिक मौत पर भी दो लाख कवर है।

# प्रदेश सरकार छात्र विरोधी फैं सले को तुरंत वापिस लें: ऋषभ

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश सरकार द्वारा सरदार पटेल विश्वविद्यालय के अंतर्गत 5 जिलों में से 2 जिलों को हटाने के फैं सले के खिलाफ मंडी विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन किया। एबीवीपी के इकाई मंत्री ऋ षभ शर्मा ने कहा की प्रदेश सरकार इस छात्र विरोधी फैं सले को तुरंत वापिस लें और छात्रों के साथ सोतेला व्यवहार न किया जाए। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार सरदार




पटेल विश्वविद्यालय मंडी को कमजोर करने और इसके अस्तित्व को मिटाने में लगी है, वर्तमान प्रदेश सरकार बदले की भावना से काम कर रही है जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर चंबा, कांगड़ा, आनी व अन्य महाविद्यालयों को सरदार पटेल विश्वविद्यालय के अंतर्गत नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगी।

# नए पंचायत भवन के निर्माण के लिए उपलब्ध कराई जाएगी 1 करोड़ 14 लाख की धनराशि: अनिरुद्ध सिंह

## पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने पांगी के वर्षा से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**ग्रामीण विकास** एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने पांगी प्रवास के दौरान पांगी घाटी में बरसात के कारण हुए नुकसान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त हुए खेत खलिहान व डंगों की पुनः निर्माण, रास्तों की पुनः बहाली हेतु एक लाख तक की राशि का सरकार द्वारा मनरेगा के तहत प्रावधान किया गया है। उन्होंने लोगों की मांग पर पुंटो सडक मार्ग के निर्माण को जल्द पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए।दोपहर बाद उन्होंने पुस्तकालय भवन किलाड़ में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। बैठक में पंचायती



राज मंत्री को पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव और अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी और समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा न होने के कारण मनरेगा के तहत किया जा रहे कार्यों की ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग पा रही है उन क्षेत्रों में ऑफलाइन माध्यम से हाजिरी लगाई जाए और कार्यों की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्य में नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा सीमेंट उपलब्ध न होने की स्थिति में बाजार से सीमेंट की खरीद कर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यहां की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों होने के चलते तापमान में काफी गिरावट रहती है लिहाजा सीमेंट का अनुपात बढ़ाया जाए ताकि गुणवत्ता बनी रहेद्य बैठक में उन्होंने यह भी आश्वासन दिया उपमंडल के विभिन्न कार्यालयों में रिक्त चल रहे पदों को जल्द सरकार द्वारा नई भर्ती के माध्यम से भरने के प्रयास किए जाएंगे। पंचायती राज मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा नए पंचायत भवन निर्माण करने के लिए 1 करोड़ 14 लाख तक की धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगीए जिसके लिए 10 बिस्वा तक भूमि का चयन करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन में एक कॉनफेरेन्स हाल भी बनाया जाएगा। सरकार द्वारा इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि घाटी का मुख्य व्यवसाय नकदी फ सले हैं जिसमें मटर मुख्य फ सल है। उन्होंने कहा कि किसानो की आर्थिक को सुधारने वह फसल का सही दाम किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए जल्द एक पॉलिसी बनाई जाएगी।

# जन्माष्टमी पर मणिमहेश डल झील में 7 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

पवित्र मणिमहेश डल झील में जन्माष्टमी पर 7000 शिव भक्तों ने स्नान किया है। 3 सितंबर से लेकर जन्माष्टमी तक मणिमहेश डल झील में डुबकी लगाने वालों की संख्या 25 हजार का आंकड़ा पार चुकी है। धार्मिक दृष्टि से जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मणिमहेश स्नान का बहुत महत्व माना जाता है इसी कारण इसे छोटा न्हौण कहा जाता है। प्राप्त समाचार के अनुसार बीते रोज मणिमहेश से डल झील पर एक से दो इंच तक बर्फबारी हुई है जिस कारण वहां का तापमान शून्य से नीचे चला गया है मगर शिव भक्तों की आस्था पर इस ठंड का कोई असर नहीं हो पाया है। मणिमहेश में अब तक जो लोग पवित्र स्नान कर चुके हैं उनमें हिमाचल प्रदेश सरकार के वन एवं भू राजस्व विभाग के सचिन ओंकार शर्मा भी शामिल है। उन्होंने भरमौर से गौरीकुंड के



बीच की यात्रा हेलीकॉप्टर के माध्यम से की। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मणिमहेश डल झील पर बर्फ बारी हुई मगर यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी पेश नहीं आई, जिसके चलते यह यात्रा अब तक सामान्य रूप से चल रही है। गुरुवार दोपहर 2 बजे तक मणिमहेश झील तक 250, गौरीकुंड में 250, सुंदरासी में 300, भरमौर 84 मंदिर परिसर में 25 00 तथा भरमाणीं में 30 के करीब श्रद्धालु मौजूद रहे।

एसडीएम भरमौर कुलबीर राणा का कहना है कि 3 सितंबर से आज तक 25000 लोग मणिमहेश डल झील में स्नान कर चुके हैं अगले कुछ दिनों में शिव भक्तों के इस आंकड़े में तेजी से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है।

# मैन भरोला पंचायत के उप-प्रधान संजय जमवाल ने युवाओं को भेंट की खेल किट

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/संगराय**

**ग्राम पंचायत** मैन भरोला के युवाओं को पंचायत के युवा उप प्रधान संजय जमवाल द्वारा खेलों का सामान बांटा गया पार्टी ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को ऊभारा जा सके। संजय जमवाल ने कहा कि हम अपने घोषणा पत्र के अनुरूप कार्य को अंजाम दे रहे हैं। हमने अपने कार्यकाल के दौरान पंचायत मैन भरोला में अभी तक तीन खेल मैदानों का निर्माण कर चुके है। पंचायत में नशे को खत्म करने व खेलकूद गतिविधियों में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत



है। जिसके चलते पंचायत घर में एक व्यायामशाला को स्थापित किया गया है तथा एक पब्लिक लाइब्रेरी छात्रों व युवाओं की सहूलियत हेतु निर्माण करने की योजना बनाई भी तैयार की जा रही है। हमारी पंचायत क्षेत्र के युवाओं से अपील है कि नशे के दलदल में न फं सकर खेलों व शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य देखें जिसके लिए ग्राम पंचायत हर संभव मदद करने को तैयार है।

# ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के उपमंडल राजगढ़ के पझौता क्षेत्र के टपरोली के समीप ट्रैक्टर सडक से नीचे खेत में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अर्जुन कुमार पुत्र सुमेर चंद निवासी हेराहेड़ीए तहसील रुडकी हरिद्वार के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसारए हरिद्वार के हेराहेडी के रहने वाले सुमित कुमार ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस को बताया कि वह शिव शंकर कंसट्रक्शन कंपनी में बतौर मजदूर काम करता है। जब वह टपरोली में सडक के काम में जुटे थे तो उसके गांव का अर्जुन ट्रैक्टर को ठीक करते समय अचानक खेत में गिर गया। हादसे की आवाज सुनने के बाद वह मौके पर पहुंचे तो अर्जुन भी ट्रैक्टर के साथ नीचे खेत में गिरा पडा मिला। उसे गंभीर चोटें आई थी। लोगों की मदद से उसे उठाकर सडक तक पहुंचाया और निजी वाहन से जिला अस्पताल सोलन ले गए। जहां चिकित्सक ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी अरुण मोदी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# वित्तीय सहायता एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल प्रदेश राज्य** सहकारी बैंक लिमिटेडए शाखा मण्डी द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन मण्डी के ऐतिहासिक सेरी मंच में किया गया जिसमें बलदेव सिंहए कार्यालय सहायक ने उपस्थित स्थानीय लोगों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि लोगों के वित्तीय के उत्थान के लिए सरकार द्वारा कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनमें



मुख्यतः प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वयं सहायता समूह के लिए ऋ ण योजना, गृह निर्माण के लिए ऋ ण योजना व अटल पेंशन योजना आदि का ग्राहक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बैंक द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित लिपिक भागीरथ ने लोगों को डिजिटल लेन.देन और सुरक्षा उपायों के बारे जागरूक किया। इस शिविर में विभिन्न स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं व अन्य लोगों ने भाग लिया।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री ने चंबा हादसे पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीरवार को जिला चम्बा के झुलाड़ा गांव में हुए हादसे में तीन लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन ने प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिवारजनों को 25000 रुपये, घायल व्यक्तियों को 5000 रुपये तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 10000 रुपये की फ ौरी राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### पति की दोनों किडनियां खराब, बीपीएल परिवार को मदद की जरूरत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। जिला सिरमौर** की बेटी, धारटीधार के भरोग बनेड़ी की बहु और एक ऐसे पति की पत्नी जिसकी दोनों किडनियां खत्म हो चुकी है। 2 बच्चों की माँ इंद्रवती खून के आंसू रोने को मजबूर है। वजह है पति की बीमारी और ऊपर से पति के इलाज में तमाम जमा पूंजी खत्म हो चुकी है। बीमार प्रेम सिंह की पत्नी इंद्रवती डेढ़ माह तक अकेले ही अपने दम पर पति को लेकर पीजीआई में इलाज करवाती रही। अब पति का डायलिसिस मेडिकल कॉलेज नाहन में हो रहा है। ऐसे में इंद्रवती को गांव में बच्चों को छोडकर पति के साथ नाहन हिंदू आश्रम में रहना पड़ रहा है। वहीं जिला सिरमौर के भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने हिंदू आश्रम में उनका ठहरना फ्री करवा दिया है। परंतु पति को अस्पताल पहुंचने में टैक्सी वाला 400 रुपए लेता है। इंद्रवती के हालात यह है कि उसकी जेब में अब फू टी-कोड़ी भी नहीं बची है। जब उसे यह पता चला कि घर पर राशन पानी भी खत्म हो चुका है तो वह बेबस मां का सीना छलनी हो गया। एक मां और पत्नी अब खून के आंसू बहाने को मजबूर हो गई है। अब वह मजबूरी समाज से उम्मीद लगा रही है। हिमाचल एक लाचार पत्नीए बच्चों के दर्द से तड़पती मां का सहारा बनने के लिए उसके अकाउंट का नंबर भी सहायता कताओं के लिए लिखा गया हैं। शायद आपका दिया हुआ यह अंशदान बिलखते बच्चो और पति के इलाज से जूझ रही लाचार पत्नी के आंसुओं को पोछने में मददगार साबित हो सके। बता दे कि इंद्रवती धारटीधार के भरोग बनेड़ी की रहने वाली है।वह 4 महीने से अपने पति का इलाज करवा रही है। पिछले 4 महीने से उसका पति बिस्तर पर है। उसका डायलिसिस मेडिकल कॉलेज नाहन में चल रहा है। इंद्रवती अब मजबूर है कि वह पति का इलाज करें या बच्चों के भोजन की व्यवस्था करें।

# निगुलसरी में अवरुद्ध हुए राष्ट्रीय उच्चमार्ग-05 को युद्ध स्तर पर खोलने

## स्वयं मौके पर पहुंचकर सडक बहाली का कार्य करवाया आरंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**

**राजस्व, बागवानी** एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज जिला किन्नौर के निगुलसरी में राष्ट्रीय उच्चमार्ग-05 पर गत रात भारी भूस्खलन से सडक कटने के कारण अवरुद्ध हुए यातायात का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। जनजातीय विकास मंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय उच्चमार्ग-05 के अधिकारियों व अन्य संबंधित



विभाग के अधिकारियों को अवरूद्ध हुई सडक को खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र अति शीघ्र सडक बहाली का कार्य पूर्ण किया जाना चाहिए ताकि जिला किन्नौर के लोगों की साल भर की मेहनत उनकी सेब व मटर सहित अन्य फसलों को समय पर मंडी तक पहुचाया जा सके और उन्हें उनकी मेहनत का उचित दाम प्राप्त हो सके। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय उच्चमार्ग-05 के अधिकारियों को शीघ्र मशीनें बुलवाकर अवरूद्ध सडक को खोलने का कार्य आरंभ करवाया। उन्होंने अवरुद्ध मार्ग की स्थिति का ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण किया और लोगों की सुविधा के लिए ट्रांसशिपमेंट की सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने विद्युत विभाग को बिजली बहाली और जल शक्ति विभाग को पानी सुचारू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला किन्नौर के लोगों की सेब व मटर की फ सलों को समय पर मंडी तक पहुंचाने के लिए तराण्डा निगुलसरी मार्ग में स्पेन को तुरंत प्रभाव से आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की सुरक्षा के लिए सोल्डिंग में आवाजाही रोकने को कहा और पैदल यात्रियों के लिए खाने का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उच्चमार्ग के अवरुद्ध स्थान पर पैदल यात्रियों के लिए चिकित्सीय सहायता भी उपलब्ध करवाई जा

# पीठासीन अधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक में भाग लेंगे विस अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 11 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में लोकसभा सचिवालय के सीपीए सैल द्वारा आयोजित अकरा घाना में 66वें राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन सीपीसी में भाग लेने वाले पीठासीन अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों की बैठक में भाग लेंगे। ब्रीफिं ग बैठक में विधान सभा सचिव, यशपाल शर्मा तथा विधान सभा अध्यक्ष के सचिव, प्रकाश ठाकुर भी भाग लेंगे।

# शिलाई का नाया-पंजोड़ स्कूल एक शिक्षक के सहारे

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हिमाचल प्रदेश** सरकार भले ही स्कूलों में बेहतर शिक्षा के दावे कर रहा हो, लेकिन आज भी राज्य के कई स्कूलों में अध्यापकों की तैनाती नहीं की जा रही है। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर बड़ा असर देखा जा रहा है। हाल ही में राज्य के कई स्कूल डिनोटिफ ाई भी किए गए हैं, लेकिन ग्रामीण इलाके के स्कूलों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिला सिरमौर के शिलाई में सामने आया है। उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन के गृह क्षेत्र शिलाई के नाया पंजोड़ का एक विद्यालय ऐसा हैं जहां 2 साल से स्कूल में एक



शिक्षक है। अभी तक 41 बच्चों ने शिक्षक ना होने के कारण पलायन कर दिया है। पंचायत प्रधान और स्थानीय लोगों का आरोप है कि मिडल स्कूल एक शिक्षक के सहारे स्कूल चल रहा हैं। एक महीने पहले आश्वासन दिया गया था कि स्कूल में अध्यापक की नियुक्ति की जायेगी, लेकिन अभी तक सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। अब ग्रामीणों ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर 10 सितंबर तक सरकार शिक्षक की नियुक्ति नही की जाती तो अभिभावकों सहित सभी ग्रामीण सडकों पर उतरेंगे। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। एसएमसी अध्यक्ष हुकमी राम शर्मा ने कहा कि स्कूल में शिक्षक की कमी है जिसे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है पहले भी सरकार को ज्ञापन सौंपा था। गौरतलब है कि डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी अभी तक एक ही शिक्षक सेवाएं दे रहा है ना तो सरकार सुध ले रही है और ना ही शिक्षा विभाग। सरकार स्कूल की अनदेखी कर रही है अगर जल्द ही स्कूल में शिक्षक नहीं भरे जाएंगे तो धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# चंद्रयान-3 की चर्चा पूरे विश्व में, मोदी के नेतृत्व भारत बना शक्तिशाली: नंदा




**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**होली हेवन** पब्लिक स्कूल का वार्षिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन काली बड़ी हाल शिमला में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य वी एन शर्मा द्वारा की गई और भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। वार्षिक दिवस के दिन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्ण नंदा ने कहा बच्चे भारत का भविष्य है और इनको समझ में सकारात्मक भूमिका निभाने का प्रशिक्षण देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मां-बाप और गुरुओं की रहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी ने कोविड और आपदा जैसे कठिन दौर देखे हैं जिसमें शिक्षा एक चुनौती हो गई थी, मोबाइल के माध्यम से लंबे समय तक बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की इसमें सबसे बड़ी भूमिका मां.बाप की राही और शिक्षकों ने आईटी के माध्यम से इनको पढने का उत्तम कार्य किया। आज पूरे देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आईटी ने नई ऊंचाइयां हासिल की है, इस आईटी के युग में जिस प्रकार से बच्चों को सुविधा मिलती है उससे बच्चों का ज्ञान तीव्र गति से बढ़ता है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज बहरतवर्ष ने पूरे विश्व में नई ऊंचाइयां हासिल की है, यह संभव इसलिए हुआ क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री में एक प्रबल इच्छा शक्ति थी। चंद्रयान 3 और आदित्य एल1 की चर्चा पूरे विश्व में है और इसके लिए हम सभी की ओर से केंद्र सरकार और इसरो के विज्ञानिको को शुभकामनाएं देते हैं। नंदा ने कहा कि यह वही बच्चे हैं जो आने वाले समय में वैज्ञानिक, आईएएस, एचएएसए डॉक्टर और विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत रहकर देश और प्रदेश का भविष्य लिखेंगे इन सभी को इस वार्षिक दिवस की शुभकामनाएं और बधाई।

# सरदार पटेल विवि का दायरा कम करना छात्रों के भविष्य से खिलवाड़

## कांग्रेस सरकार की युवा विरोधी मानसिकता आई सामने: गोविन्द ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल प्रदेश** में शिमला में 1971 में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। ताकि छात्रों को अपने प्रदेश में ही उच्च शिक्षा मिल सके। उसके बाद भाजपा ने छात्र हित की बात सोची और मंडी में करीब 72 साल के बाद सरदार पटेल विवि को खोला गया। लेकिन आज कांग्रेस पार्टी उसे बढ़ा करने की बजाय घटाने का काम कर रही है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए भाजपा के मंडी लोकसभा प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि मंडी में खोले गए सरदार पटेल विवि से जिला मंडी, कुल्लू, लाहुल-स्पीति, कांगड़ा, चम्बा, हमीरपुर के छात्रों को फायदा मिल रहा था लेकिन सरकार ने आज 35 हजार छात्रों के हितों के विरोध में यह फैसला लिया है। जिसे बिलकुल भी बर्दाश्त नही किया जाएगा। पूर्व शिक्षा मंत्री का कहना है कि इस विश्वविद्यालय से 6 जिला के 127 कॉलेज जुड़े हुए हैं और 35000 छात्रों को इससे फायदा



मिल रहा है। इसके अलावा 600 छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय में सीधे तौर पर भी एडमिशन ली गई है। लेकिन अब कांग्रेस के द्वारा इसका दायरा काम किया जा रहा है और मात्र 45 कॉलेज को इसके साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व की भाजपा सरकार में इसके लिए बासा धार में 425 बीघा भूमि का भी अधिग्रहण किया है और एफ सीए का केस भी मंजूरी के लिए भेजा गया है। ऐसे में जब पूर्व भाजपा सरकार ने इस विश्वविद्यालय के संचालन के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा किया है। तो कांग्रेस किन कारणों के चलते अब इसका दायरा कम कर रही है। इस बात की जानकारी भी अब कांग्रेस सरकार को छात्रों को देनी चाहिए। कांग्रेस सरकार के द्वारा अब इस विश्वविद्यालय के दायरे में जिला मंडीए जिला लाहौल स्पीति व जिला कुल्लू के कॉलेज को ही जोड़ा गया है। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही कहा था कि हर साल एक लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। लेकिन जेओआईटी का पेपर का रिजल्ट अभी तक नहीं निकल गया है। प्रदेश के 7500 युवाओं के द्वारा यह पेपर दिया गया है और रिजल्ट ना आने के चलते सभी युवा आज अधर में लटके हुए हैं। गौर रहे कि पूर्व जयराम सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2022 में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की स्थापना की थी। वर्ष 2022 में अस्थायी कैंपस में विश्वविद्यालय का शुभारंभ कर दिया गया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार सत्ता में आने के बाद अब एसपीयू से जिलों को कम करने की प्रक्रिया शुरू हुई। एसपीयू के शुभारंभ के दौरान पूर्व भाजपा सरकार ने दोनों विश्वविद्यालय के अधीन छह-छह जिलों के कालेज किए। जिस जिला को जो विश्वविद्यालय नजदीक पड़ा, उसमें शामिल किया गया।

